भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2404
उत्तर देने की तारीख 03 अगस्त, 2026
12 श्रावण, 1948 (शक)

ग्लासगो में राष्ट्रमंडल खेल

2404. डॉ. गणपथी राजकुमार पी.:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत ग्लासगो, स्कॉटलैंड में वर्ष 2026 में आयोजित होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों के लिए 125 से 130 एथलीटों और लगभग 60 से 65 सहायक कर्मचारियों का एक दल भेज रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या मेजबान शहर ग्लासगो ने लागत कम करने के लिए कुश्ती, निशानेबाजी और बैडमिंटन सहित कई खेलों को इसमें शामिल न करके उक्त आयोजन का दायरा छोटा कर दिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) केंद्र सरकार द्वारा 2026 में ग्लासगो में आयोजित होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय दल की भागीदारी के लिए कुल कितना बजट आवंटित और उपयोग किया गया है?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क): जी, हाँ। भारत ने 23 जुलाई से 2 अगस्त, 2026 तक स्कॉटलैंड के ग्लासगो में आयोजित हो रहे राष्ट्रमंडल खेल 2026 में भाग लेने हेतु एक दल भेजा है। भारतीय दल में 125 एथलीट / खिलाड़ी (77 पुरुष और 48 महिला) तथा 50 टीम के अधिकारी और 14 सहायक कर्मचारी शामिल हैं।

(ख): कॉमनवेल्थ गेम्स फ़ेडरेशन (सीजीएफ) राष्ट्रमंडल खेल, राष्ट्रमंडल खेल अभियान और उनसे जुड़े आयोजनों के संचालन और नियंत्रण के लिए ज़िम्मेदार संस्था है। शुरुआत में, 2026 राष्ट्रमंडल खेलों की मेज़बानी ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया द्वारा की जानी थी, लेकिन मूल मेज़बान के पीछे हटने के बाद, स्कॉटलैंड के ग्लासगो को इसके स्थान पर नया मेज़बान चुना गया। ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेल 2026 के लिए, मेजबान देश द्वारा सीजीएफ के परामर्श से केवल 10 खेलों का

चयन किया गया है: एथलेटिक्स और पैरा एथलेटिक्स, तैराकी और पैरा तैराकी, कलात्मक जिम्नास्टिक, ट्रैक साइक्लिंग और पैरा ट्रैक साइक्लिंग, नेटबॉल, भारोत्तोलन और पैरा पावरलिफ्टिंग, मुक्केबाजी, जूडो, बाउल्स और पैरा बाउल्स तथा 3x3 बास्केटबॉल और 3x3 व्हीलचेयर बास्केटबॉल।

(ग): युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय एशियाई, राष्ट्रमंडल और ओलंपिक खेलों सहित एथलीटों के भारत और विदेश में प्रशिक्षण और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उनकी भागीदारी के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है, जिसमें एनएसएफ को सहायता (एएनएसएफ) स्कीम के माध्यम से दिए जा रहे संपूर्ण पौष्टिक आहार, खाद्य संपूरक, उपकरण सहायता, अत्याधुनिक अवसंरचना, आवास, यात्रा सविधाएं, प्रसिद्ध भारतीय और विदेशी कोच / सहायक कर्मियों की सेवाएं, वैज्ञानिक और चिकित्सीय सहायता, खेल किट आदि शामिल हैं। पिछले वित्तीय वर्ष और वर्तमान वित्तीय वर्ष में एएनएसएफ स्कीम में आवंटित बजट और किए गए व्यय का विवरण इस प्रकार है:-

वित्तीय वर्ष	आवंटित बजट (करोड़ रु. में)	व्यय (करोड़ रु. में)
2025-26	400.00	393.95
2026-27	425.00	99.62 (20.07.2026 तक)

*****